
# मेगा टेक्सटाइल पार्क में 10 हजार करोड़ का निवेश होगा

## तैयारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लखनऊ-हरदोई सीमा पर बन रहे पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और परिधान पार्क टेक्सटाइल पार्क का विकास, विपणन और संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय ने पार्क के लिए मॉडल बिड अभिलेख आरएफपी एवं ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट (डीसीए) तैयार कर लिया है।

अब मास्टर डेवलपर्स का चयन होगा। यह परियोजना डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट, ट्रांसफर (डीबीएफओटी) मॉडल पर आधारित है। इसमें दस हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। मास्टर डेवलपर पार्क का संचालन और प्रबंधन करेगा।

## वैश्विक मानकों पर तैयार होगी योजना : सचान



हथकरघा मंत्री राकेश सचान ने बताया कि चयनित मास्टर डेवलपर वैश्विक मानकों के अनुसार मास्टर प्लान तैयार करने और एसपीवी के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा।